प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर राज्यभर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कल पाकुड़ के कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर समीक्षा बैठक की। वहीं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के साथ ही मतदाता सूची में अहर्ता पूरी करने वाले सभी लोगो का नाम दर्ज करने पर विशेष जोर दिया।

****

धनबाद के प्रधानखंता स्टेशन पर आज एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इस कारण धनबाद–सिंदरी–टाटा रेल मार्ग के साथ हावड़ा–दिल्ली रेलमार्ग पर भी ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया है। हावड़ा–रांची शताब्दी समेत कई ट्रेनें अलग–अलग स्टेशनों पर रोक दी गयी हैं। घटना को लेकर स्टेशन मास्टर की ओर से रेलवे कंट्रोल को सूचना देने के बाद धनबाद से दुर्घटना राहत यान भेजा गया है।

****

बोकारो स्टील प्लांट हॉटस्ट्रीट मिल की मिक्स्ड गैस पाइपलाइन में आज सुबह गैस के रिसाव से आग लग गई। इस घटना के बाद प्लांट में अफरातफरी मच गई और कई कर्मचारी और मजदूर बाहर भागने लगे। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

****

रांची–पटना मुख्य मार्ग पर रामगढ़ जिले के चुट्टूपालू घाटी में आज पाइप लदे एक ट्रक ने पांच गाड़ियों में टक्कर मार दी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। पांच गाड़ियों में एक बस भी शामिल है।

****

लोहरदगा जिले में मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्श्य से एक मोटरसाईकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने इस रैली को हरी झंडी दिखाई।

****

रामगढ़ जिले की पुलिस ने वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में लगातार चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने आज एक प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली घटना डीएवी स्कूल परिसर में हुई थी, जहां के स्टोर रूम से चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली थी। चोरी किए गए कई सामान इनके पास से बरामद कर लिए गए हैं।

****

सरायकेला जिले के आदित्यपुर से पुलिस ने एक कार से 22 लाख 30 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने बताया कि बरामद रुपये किसके हैं और कहां से लाये जा रहे थे, इसकी जांच की जा रही है। इधर, बोकारो जिले के पिंड्राजोरा स्थित मिर्धा चेक पोस्ट से पुलिस ने एक वाहन से एक लाख 70 हजार रुपये बरामद किए हैं।

****

सरायकेला खरसावां जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 75 मतदान केंद्रों को पिंक बूथ के रूप में विकसित किया जा रहा है।

****

लोहरदगा स्थित एमएलए महिला कॉलेज में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में आज सेहत पर आधारित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि स्वस्थ समाज बनाने के लिए केवल सरकार नहीं बल्कि समुदाय और व्यक्तिगत प्रयास भी जरूरी है। उन्होंने नई पीढ़ी के युवाओं को नसीहत दी कि थोड़ी दूरियों के लिए गाड़ियों का कम इस्तेमाल करें और पैदल चलने की कोशिश करें।

****

आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर से होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे शुरु होगा। कल सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स् को छह विकेट से हरा दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने छह विकेट और 11 गेंद शेष रहते एक सौ 66 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।।

****** समाप्त ******